## एक नजर में

### नाबालिग बालिका को 24 घंटे में ढूंढा

**जीरापुर 01 अप्रैल, सं.** पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया. पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है. थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि 29 मार्च को नाबालिग के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है. इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की. जिसमें पुलिस टीम ने लगातार तलाश करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी. इस दौरान नाबालिग बालिका को राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कालियाखेड़ी निवासी आरोपी ईश्वर गुर्जर उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया.

### मेडिकल बोर्ड की बैठक आज

**राजगढ़ 01 अप्रैल, का.** जिला चिकित्सालय में प्रति शुक्रवार को आयोजित होने वाली मेडीकल बोर्ड की बैठक 02 अप्रैल, 2026 को आयोजित की जाएगी. प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार को अवकाश होने के कारण यह बैठक गुरुवार को आयोजित की गई है.

### जनगणना प्रशिक्षण की तैयारी पूरी

**राजगढ़ 01 अप्रैल, का.** डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जनगणना निर्देशालय म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में माह अप्रेल में जिले के समस्त प्रगणक तथा परिवेक्षक का प्रशिक्षण तहसील मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है. प्रशिक्षण के लिए सभी 63 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा चुका है. प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा तहसील/नगरीय निकायों के समस्त प्रगणक तथा परिवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे.

### सांदीपनी स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया

**पड़ाना 01 मार्च, सं.** गुरुवार समीप के सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल मऊ में नवीन शैक्षणिक अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना कर पूजा अर्चना की गई. तत्पश्चात नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक एवं फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कर विद्यालय के वातावरण से परिचित, शिक्षा के प्रति प्रेरित, विद्यालय के नियम, एवं अनुशासन, व सुविधा,के बारे में बताया गया. इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा.

### जनगणना प्रशिक्षण की तैयारी पूरी

**सारंगपुर 01 अप्रैल, सं.** जनगणना 2027 अंतर्गत आगामी 01 अप्रैल से तहसील स्तर पर नगरीय क्षेत्र हेतु नियुक्त किये गये प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुए. जिसके अन्तर्गत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी राजगढ द्वारा चार्ज अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण से संबंधी व्यवस्थाएं संस्था प्रमुख से संपर्क स्थापित कर सुव्यवस्थित रूप से कराने के निर्देश दिए गए हैं. नगरीय क्षेत्र हेतु नियुक्त प्रगणक 68 एव सुपरवाईजर 10 का प्रशिक्षण निर्धारित बैच अनुसार शासकीय उ.मा.वि.सारंगपुर में प्रारंभ हुआ. जिसका सीएमओ दीपक कुमार रानवे द्वारा निरीक्षण किया गया.

# नदी में अज्ञात महिला का शव मिला

## नदी के तट पर कपड़े धो रही महिलाओं ने शव तैरता हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी

**युवक ने नदी में कूदकर बाहर निकाला शव, हत्या–आत्महत्या दोनों एंगल से जांच**
**पुलिस मामले की जांच में जुटी, लोगों में कौतूहल की स्थिति निर्मित**



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 01 अप्रैल, सं. खिलचीपुर में बुधवार को गाड़गंगा नदी से एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जल मंदिर के सामने नदी में बहते हुए शव को सबसे पहले कपड़े धो रही महिलाओं ने देखा. पानी में केवल सिर के बाल दिखाई देने पर उन्हें संदेह हुआ, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई.**

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. घटना की खबर फैलते ही नदी किनारे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई. इस दौरान शव पानी के बहाव के साथ धीरे-धीरे दूसरे किनारे की ओर बढ़ रहा था.

### 30 से 35 वर्ष की महिला होने का अनुमान

पुलिस के अनुसार मृत महिला की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है. महिला के शरीर पर केवल ब्लाउज और पेटीकोट मिला है. फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है. शव को डायल-112 वाहन की सहायता से पोस्टमार्टम के लिए खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया. बाद में पहचान सुनिश्चित करने के लिए शव को राजगढ़ जिला अस्पताल के फीजर में सुरक्षित रखवाया गया है.

### युवक ने दिखाई बहादुरी

पुलिस ने नगर परिषद कर्मचारियों से शव निकालने को कहा, लेकिन तैरना नहीं आने की वजह से वे नदी में उतरने से हिचकिचा गए. इसी बीच नगर निवासी मुकेश मोगिया ने साहस दिखाते हुए पुलिस की अनुमति से नदी में छलांग लगा दी. वह तैरकर शव तक पहुंचा और उसे खींचते हुए गणगौर घाट तक लेकर आया. वहां मौजूद लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया.



### हर एंगल से जांच जारी

टीआई उमाशंकर मुकाती ने बताया कि महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं. आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है. पुलिस मामले की जांच हत्या, आत्महत्या और हादसे– तीनों पहलुओं से कर रही है. फलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है.



# गायों को रौंदकर निकला ट्रक, 2 गौवंश की मौत

नवभारत न्यूज

**सुठालिया/ब्यावरा 01 अप्रैल, सं.** ब्यावरा- सिरोंज मार्ग पर पारसाना चौराहे के यहां बीती रात्रि को तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर बैठी गायों को कुचल दिया. इस हादसे में 2 गायो की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गाय गंभीर रुप से घायल हो गई. जानकारी के अनुसार पारसाना चौराहा के यहां पर सड़क पर बैठी गायों को तेज रफ्तार जा रहे ट्रक ने जोर की टक्कर मार दी. दुर्घटना में 2 गायों ने दम तोड़ दिया. वहीं एक गाय को गंभीर चोट आई. सुबह जैसे ही घटना की जानकारी लगी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे. गौ सेवकों द्वारा घायल गौवंश का उपचार किया गया. जबकि नपा के अमले द्वारा मृत गायों की देह को उठवाकर अंतिम संस्कार किया गया.

**हाईवे पर रहता है गौवंश का जमघट–** प्राय: हाईवे एवं स्टेट हाईवे तथा मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर गौवंश के झुंड के झुंड देखे जा सकते है. ब्यावरा-सुठालिया मार्ग पर खंदी, धानियाखेड़ी, सुठालिया में छात्रावास के आगे श्याम खो रोड आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में गौवंश देखे जा सकते है. इसी प्रकार नरसिंहगढ़ स्थित हाईवे पर कृषि मंडी के समीप, कुरावर मार्ग पर देवगढ़ के यहां काफी संख्या में गौवंश की उपस्थिति बनी रहती है. स्थानीय हाईवे के चौराहों, राजगढ़ रोड पर कई स्थानों पर गौवंश बैठे रहते है.

**अंधेरे में नजर नहीं आते सड़क पर बैठे गौवंश–** दिन में वाहन चालकों को सड़क पर बैठे गौवंश नजर आ जाते है किंतु शाम होते ही खतरा अधिक बड़ जाता है. अंधेरे में सड़क पर बैठे गौवंश एकाएक नजर नहीं आने से आये दिन विशेषकर दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते है. कई दुपहिया वाहन चालक चोटिल तक हो गये है. वहीं वाहनों के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने का डर लगा रहता है. शासन प्रशासन द्वारा बेसहारा गौवंश को सुरक्षित तौर पर रखे जाने हेतु कई बार निर्देश देने के बाद भी हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, चौराहों, सड़को पर रहने को मजबूर है. आये दिन वाहनों की चपेट में आने से गौवंश दम तोड़ रहा है या फिर गंभीर चोट के कारण अपाहिज हो रहे है. बावजूद इसके गौवंश की सुध लेने वाला कोइ नहीं.

# प्रवेशोत्सव : शिक्षा के रास्ते में कचरे का अंबार

## सीएमओ ने कहा, आज से बनाएंगे चालान

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 01 अप्रैल, सं. शासन स्तर पर चाहे कितने प्रयास करें लेकिन स्वच्छ भारत मिशन को अनदेखा कर स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ती दिखाई देती है. शहर को कचरा मुक्त करने की कितनी ही पुरजोर कोशिश कोशिश या पहल करें.**

परंतु परिणाम की सार्थकता मात्र औपचारिकता पर सिमट कर रह जाती है, क्योंकि जमीनी स्तर पर हकीकत और ही अभियान सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है. हालांकि नगरपरिषद ही इसके लिए जिम्मेदार नहीं बल्कि आम नागरिकों दुकानदारों का भी अपना कर्तव्य बनता है कि स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाते हुए कचरा कूड़ा को नियत जगह पर डाला जाय ताकि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में अहम भूमिका हो सके.

लेकिन स्थिति बिल्कुल विपरीत नजर आती है, खुले में कचरा फेंकने की समस्या बरकरार है. कचरा कूड़ा की समस्या नगर के मध्य इंडियन पेट्रोल पंप के पास एक रास्ता शैक्षणिक संस्थाओं को जोड़ते हुए भण्ड़ावद रोड़ रहवासी बस्ती एवं आवास कालोनी को जाता है. इस रास्ते में सीमेंट कांक्रीट रोड बना हुआ है लेकिन जूस और अन्य खाद्य पदार्थों के विक्रेताओं द्वारा कचरा खुले में उक्त रास्ते में फेंका जा रहा है. ऐसे में शैक्षणिक संस्थाओं बीआरसी, उत्कृष्ट स्कूल , भण्ड़ावद रोड़ आवास कालोनी आने -जाने में विद्यार्थीयों ,आम राहगीरों एवं बीईओ बीआरसी के कर्मचारियों को इस गंदगी , कचरे के ढेर और दुर्गंध युक्त रास्ते से गुजरना पड़ता है. इससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा हो रही हैं. इस समस्या को लेकर अनेकों बार नगर परिषद का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन स्थानीय नगर परिषद द्वारा अनदेखा किया जाता रहा है, जिससे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं. जूस विक्रेताओं द्वारा फलों के कचरे को डस्टबिन के बजाय सड़क के किनारे फेंकने से गंदगी और बदबू फैल रही है. इस सम्बन्ध में सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना है कि कल से चालानी कार्रवाई की जावेगी.

### ग्रामीण अंचल में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां

**पड़ाना 01 अप्रैल, सं.** समीप ग्राम मगराना में हनुमान मंदिर शिखर कलश स्थापित को लेकर पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान गुरुवार को पूर्ण आहुति के साथ समापन होगा जिसको लेकर नगर परिक्रमा का एक चल समारोह का आयोजन तत्पश्चात शिखर कलश स्थापित कर महाआरती एवं सामूहिक विशाल भंडारे का आयोजन होगा. पड़ाना में प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर मैं बाबा का आकर्षक श्रंगार कर साज सजावट के साथ छप्पन भोग का आयोजन होगा मंदिर परिसर से ध्वजा पताका की एक शोभा यात्रा निकाली जाएगी.

# मेडतवाल वैश्य समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ 01 मार्च, सं.** मेडतवाल वैश्य समाज द्वारा उल्लास उत्सव धूमधाम से मनाया. होटल भण्डारी पैलेस में आयोजन में हेमंत सेठिया प्रांत कार्यवाह आरएसएस, केदार काका अखिल भारतीय मेडतवाल वेश्य समाज कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, डॉ. एसएन गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ मां फलोदी जी पूजन आरती से हुआ. महिलाओं, पुरुषों, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, मांडना, रंगोली, कलश सज्जा, चित्रकला,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कपल फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर महेंद्र गुप्ता को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विशेष सम्मान किया. कार्यक्रम में अन्य प्रतिभाओं का भी स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया. संस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं शेष अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरुस्कार से सम्मानित.



इस मौके पर मोहनलाल गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, दिनेश भंडारी, अनिल गुप्ता बिजासन, कमल गुप्ता बिजासन, गोपालदास गुप्ता, पीडी गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, कमल किशोर भंडारी, मनीष गुप्ता, दिनेश गुप्ता गंज, नीरज सिंगी, आशीष सिंगी, रमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# कांग्रेस ने मांग की : गेहूं खरीदी के बंद किए केन्द्र पुन : चालू करें

## जिला इंकाध्यक्ष के नेतृत्व में इंकाइयों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 01 अप्रैल, का.** पूर्व में संचालित विभिन्न उपार्जन केन्द्रों को बंद कर दिया गया. जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. बंद किए गये इन केन्द्रों को पुन: चालू करने की मांग को लेकर बुधवार को जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के नेतृत्व में इंकाईयों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. जानकारी के अनुसार पूर्व में संचालित पीपल्याकुलमी, गोघटपुर, रामगढ़, कोड़क्या, सिंदुरिया, करेड़ी के गेहूं उपार्जन केन्द्रों को बंद कर दिया गया. इन केन्द्रों को पुन: शुरु करने की मांग की गई. साथ ही बार-बार गेहूं खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने का भी विरोध किया गया. चुनावी वादे के अनुसार गेहूं की खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से किए जाने की भी मांग की गई. इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




चतुर्थ पुण्य स्मरण



स्व. श्री नन्नूलालजी मोगिया, सुठालिया
स्वर्गवास दिनांक २ अप्रैल २०२२
आपकी प्रेरणा का दीपक कभी बुझेगा नहीं, प्रेम की वर्षा कभी न मिटेगी,आपको हमेशा याद किया जाएगा, प्यार का बंधन कभी नहीं टूटेगा। भगवान आपकी आत्मा को शांति प्रदान करे..आपका आशीर्वाद सदा हम पर बनाये रखना।
पत्नि मांगीबाई मोगिया
पुत्र- रामबाबू मोगिया, लाखन सिंह, राजकुमार, अनुज
पुत्रियां- ज्योति, मधु, बिंदु
पौत्र- रिषभ रियांश, किटटू
पुत्रवधु- ममता, संगीता


**उत्सव** ▶ जिले भर में आज हर्षोल्लास से मनाया जाएगा संकटमोचक हनुमान का जन्मोत्सव, अंजनीलालधाम पर विशेष श्रृंगार होगा आकर्षण का केन्द्र

# मां अंजना की गोद में नजर आएंगे बालहनुमान, सजेगी हनुमान गढ़ी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 31 मार्च. श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर हनुमान जयंति महोत्सव इस वर्ष विशेष होने जा रहा है. श्रीअंजनीलाल जी इस बार अपनी माताश्री अंजना की गोद में नजर आएंगे. प्रतिमा पर मां अंजना की गोद में बाल हनुमान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा. जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आज बुधवार 02 अप्रैल को लगातार चौथे वर्ष भी सामुहिक दिव्य सुंदरकाण्ड का अद्भुत आयोजन होगा. इस आयोजन के प्रति श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है.**

श्रृंगार के दर्शन को लेकर विशेष तैयारियां मंदिर ट्रस्ट द्वारा की जा रही है. सुंदरकाण्ड पाठ के लिये महिला, बच्चे, युवा पंजीयन करा रहे है. मंदिर ट्रस्ट परिवार के अनुसार कुल 251 पंजीयन होना है. इन 251 पंजीकृत श्रद्धालुओं के लिये सुंदरकाण्ड पाठ के लिये बैठने,पूजन आदि करने की विशेष व्यवस्था रहेगी.इनके अतिरिक्त कोई भी सुंदरकाण्ड का आनंद ले सकता है.

पंजीयन कराने वाले के लिये बैठक व्यवस्था विशेष तौर पर रहेगी. गौरतलब है कि बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के सुंदर लय व ताल के साथ यह 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन अपने आप में अद्भुत होता है. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है. श्रद्धालु सुंदरकाण्ड में शामिल होने हेतु अपना पंजीयन कराने प्रतिदिन मंदिर धाम पर पहुंच रहे है. कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से इस पुनीत अवसर का लाभ लेने का आह्वान किया है.



### जन्मोत्सव पर सजेंगे रामभक्त हनुमान के मंदिर

**ब्यावरा 01 अप्रैल, का.** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज नगर सहित जिले भर में शोभायात्रा, महाआरती सहित धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन होंगे. नगर के प्राचीन श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री खड़े हनुमानजी मंदिर, श्री बालाजी मंदिर, श्री जगात मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, बीड़ मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर कॉलेज परिसर, बाग वाले हनुमानजी, मंडी परिसर सहित मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे. सुबह से ही दर्शन, पूजा-अर्चना करने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ेगा.

### हनुमानगढ़ी से निकलेगा चल समारोह



**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 01 अप्रैल, सं.** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नरसिंहगढ़ स्थित हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन होंगे. नगर में विशाल चल समारोह हनुमानगढ़ी से निकाला जाएगा. जानकारी के अनुसार भव्य चल समोह प्रात: 11 बजे हनुमान गढ़ी से प्रारंभ होगा. जो बाराद्वारी, पाण्डव चौराहा, सुभाष चौक,छारबाग चौराहा, दीनाजी का चौराहा, डा. शिवजी का चौक, पुरानी कोतवाली, फूलबाग चौराहा, चम्पी चौराहा, छतरी चौराहा से वापस वापस हनुमान गड़ी हनुमान मंदिर पहुंचेगा. मंदिर धाम पर दस से ग्यारह क्विंटल नुक्ति का प्रसादी वितरण किया जाएगा. नरसिंहगढ़ स्थित बायपास के यहां मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिन से धार्मिक अनुष्ठान जारी है. आज मंदिर पर नवीन कलश की स्थापना की जाएगी.

### हनुमान जन्मोत्सव आज होंगे कई धार्मिक आयोजन

**सुठालिया 01 मार्च, सं.** आज गुरुवार को पवन पुत्र हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव नगर में परम्परागत उल्लास के साथ मनाया जायेगा इसके लिए व्यापक तेयारिया की जा रही है. नगर के प्राचीन महावीर आश्रम में बुधवार को एक दिवसीय रामायण पाठ शरू हुआ एवम् गुरुवार को प्राता छह बजे महा आरती के बाद छप्पन भोग दर्शन प्रसाद वितरित होगा श्री रामंदिर स्थित खेड़ापति हनुमान मन्दिर में आज रात्रि को समिति द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जावेगा एवम् प्रसाद वितरण होगा. ब्यावरा रोड पर स्थित मंशापूर्ण हनुमान मन्दिर मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर श्रीराम मन्दिर गढ़ी स्थित हनुमान मन्दिर परलापुरा के खेड़ापति हनुमान मन्दिर आदि मन्दिरो पर एक दिवसीय रामायण पाठ हवन पूजन सुंदर कांड पाठ का आयोजन व् प्रसादी वितरण किया जायेगा. हनुमान जयंती पर सायाकाल बजरँग दल व् अखाड़ा द्वारा चल समारोह निकाला जावेगा एवम् हवन पूजन आदि धार्मिक आयोजन होंगे.

वही संकट मोचन अनुमान मंदिर समिति द्वारा भी शाम को चल समारोह निकाला जाएगा. इस दौरान मंदिरों में आकर्षक सजावट की जा रही है. नगर के सभी मंदिरों में सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगेगा.

### विशाल शोभायात्राएं निकलेंगी

हनुमान जन्मोत्सव पर आज हिन्दू उत्सव समिति तत्वावधान में ढकोरा रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से शाम 5 बजे विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी. जो सुठालिया रोड, मैन बाजार, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा से होते हुए पुराना बस स्टेण्ड श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती होगी. एक अन्य शोभायात्रा सनातन हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में दोपहर 2 बजे शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होगी. हनुमान जयंती पर आज ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा. समाज के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी के अनुसार हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आज स्थानीय श्री बालाजी मंदिर में सुबह 10 बजे से सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड का पाठ किया जाएगा. अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है. आज स्थानीय भंवरगंज स्थित प्राचीन रामलला मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन रखा गया है. स्व शैलेन्द्र सिंह तोमर पूर्व बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक की स्मृति में प्रात: 10 बजे महाआरती का आयोजन रखा गया है, इसके आयोजक हर्षवर्धन तोमर मित्र मण्डल है.